संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के मुफ्त स्वास्थ्य जाँच शिविर में १४४९ लाभान्वित

मुंबई, दि. ३ सितंबर, २०१८: संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशनके तत्वावधान में रविवार, दिनांक २ सितंबर, २०१८ के दिन संत निरंकारी सत्संग भवन, चेंबूर, मुंबई में आयोजित स्वास्थ्य जाँच शिविर में १४४९ नागरीक लाभान्वित हुए |

इस शिविर में रक्त जाँच, ऑर्थोपेडिक, नेत्रचिकित्सा, बोन डेन्सीटी, रक्तचाप, पेड्रियाटिक, स्त्रीरोग, दंत चिकित्सा, सामान्य चिकित्सा, एलोपॅथिक, होमिओपॅथिक, फिजिओथेरपिस्ट, ॲक्युपंक्चर, ॲक्युप्रेशर और इसीजी आदि स्वास्थ्यविषयक जाँच का समावेश था |

सम्बन्धित क्षेत्रों में विशेषज्ञ ३० डॉक्टर्स एवं टेक्निशीयन्स के टीम द्वारा निस्वार्थ भाव से इस शिविर में अपनी सेवायें अर्पित की | उल्लेखनीय है कि ये सारे डॉक्टर्स संत निरंकारी मिशन के अनुयायी हैं | उल्लेखनीय है कि शिविर को मिले प्रतिसाद को देखते हुए उसका समय दोपहर २.०० से बढ़ा कर ३.३० तक कर दिया गया |

स्थानीय विधायक श्री प्रकाश फातरपेकर ने इस शिविर को भेंट किया और शिविर की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए मिशन के समाज कल्याण एवं मानवता के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की |

संत निरंकारी मंडल के मुंबई क्षेत्र के प्रभारी श्री भूपिंदर सिंह चुघ और उनके साथियों ने संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य, सेवादल एवं वरिष्ठ डाक्टरों के सहयोग से इस शिविर का सफल आयोजन करने में अहम भूमिका निभाई |